**दिनांक-11.12.2024** **समय-7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान करेंगी।
- प्रदेश में आज से 26 जनवरी, 2025 तक चलाया जायेगा मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान।
- राज्य मंत्रि-परिषद ने धान की मिलिंग के लिए प्रोत्साहन और अपग्रेडेशन राशि को दी स्वीकृति।
- और
- गीता जयंती पर आज होगा गीता पाठ का विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास।
-

अब समाचार विस्तार सेः-

राष्ट्रपति-राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस वर्ष जमीनी स्तर पर शासन और सामुदायिक विकास की व्यापक उपलब्धियों को दर्शाते हुए विभिन्न श्रेणियों में कुल 45 व्यक्तियों को पुरस्कार के लिए चुना गया है। समारोह के दौरान पंचायती राज मंत्री पुरस्कार विजेता पंचायतों की नवाचारी और प्रभावी कार्य प्रणालियों पर एक पुस्तिका का अनावरण करेंगे। इन पुरस्कारों का उद्देश्य अन्य पंचायतों को श्रेष्ठ कार्य प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित करना और ग्रामीण भारत के समग्र विकास में योगदान देना है।

मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान

प्रदेश में आज से 26 जनवरी, 2025 तक मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान चलाया जायेगा। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जायेगा।
पैकेज - संजीव शर्मा

प्रधानमंत्री-मप्र दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 24 फरवरी 2025 को भोपाल में हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में आने की सहमति दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल नईदिल्ली में प्रधानमंत्री से भेंट के दौरान उन्हें मध्यप्रदेश आने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने श्री मोदी को मध्यप्रदेश में अन्य कार्यक्रमों के लिए भी आमंत्रित किया है। इसके लिए भी वे अपने कार्यक्रम निर्धारित कर अवगत करवाएंगे। मुख्यमंत्री ने भोपाल में राज्य मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी को केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल के भूमि-पूजन कार्यक्रमों के लिए भी आमंत्रित किया गया है।

स्मार्ट-इंडिया हेकाथॉन

स्मार्ट इंडिया हेकाथॉन-एस आई एच 2024 के सातवें संस्करण का ग्रैंड फिनाले आज देशभर के 51 केंद्रों पर शुरू होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए ग्रैंड फिनाले में युवा नवोन्मेषकों के साथ बातचीत करेंगे। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान इस कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इस ग्रैंड फिनाले में 13 सौ से अधिक विद्यार्थी टीम भागीदारी करेगी। इस वर्ष 54 मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों और उद्योगों ने 250 से अधिक समस्या संबंधी वक्तव्य जमा कराए हैं। भोपाल में इस आयोजन में शिरकत करने आई कृति भी पूरी तरह से तैयार हैं।
बाइटः कृति

मंत्रि-परिषद निर्णय

मंत्रि-परिषद ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में प्रदेश में उपार्जित धान की मिलिंग के लिए दी जाने वाली प्रोत्साहन और अपग्रेडेशन राशि की स्वीकृति दे दी है। कल हुई बैठक में मिलिंग राशि 10 रूपये प्रति क्विंटल और प्रोत्साहन राशि 50 रूपये प्रति क्विंटल प्रदाय की जायेगी। इससे किसानों से उपार्जित धान की मिलिंग में तेजी आयेगी। मंत्रि-परिषद द्वारा भारत सरकार द्वारा जारी रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के

अंतर्गत विद्युत वितरण कम्पनियों को लगभग 6 हजार करोड़ रूपये ऋण के स्थान पर अंशपूंजी/अनुदान के रूप में प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। मंत्रि-परिषद द्वारा केन्द्र प्रवर्तित योजना 'प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के संचालन की सैद्धांतिक सहमति दी गयी है।

गीता जयंती-रिकार्ड

प्रदेश में आज गीता जयंती पर गीता पाठ का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत पहली बार 5 हजार से अधिक आचार्यों द्वारा भोपाल और उज्जैन में गीता के तृतीय अध्याय कर्म योग का सस्वर पाठ किया जाएगा।

बाइटः मुख्यमंत्री

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 8 से 12 दिसम्बर तक गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, इसमें श्रीमद्धगवद्गीता पर केन्द्रित विविध कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री - मंदसौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मंदसौर जिले में दो नवीन पार्कों की स्थापना होने से 100 इकाइयों से 2500 करोड़ का निवेश आने वाला है। उन्होंने कहा कि मंदसौर एवं नीमच जिले में सभी तरह की क्षमता और संरचना मौजूद हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल मंदसौर में शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्यमियों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो नवीन पार्को से 15 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने निवेशकों की सहायता के लिये जिला स्तर पर स्थापित निवेश प्रोत्साहन केन्द्र का वर्चुअल शुभारंभ किया।

यूजीसी - सीयूईटी

वर्ष 2025 से स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा में छात्रों को कक्षा 12 में पढ़े गए विषयों के अलावा कोई भी विषय लेने की छूट होगी।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने मीडिया को बताया कि इससे छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए अपने पंसद का विषय चुनने में सुविधा होगी। यह परीक्षा कम्प्यूटर के माध्यम से 37 के बजाय 63 विषयों में आयोजित की जाएगी।

महिला आयोग जनसुनवाई

राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कल जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। जनसुनवाई में महिलाओं के लंबित मामलों के समाधान और उनके मुद्दों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

जनसुनवाई भोपाल में जिला पंचायत हॉल, सुल्तानिया रोड पर होगी। जनसुवाई में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर, जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

महिला क्रिकेट

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एकदिवसीय महिला क्रिकेट श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मैच आज पर्थ में खेला जायेगा। मैच भारतीय समयानुसार सुबह नौ बजकर 50 मिनट से शुरू होगा। ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में दो-शून्य से आगे है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में ....

- श्योपुर में गीता जयंती पर आज जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ गीता पाठ के साथ होगा।
- सिंगरौली जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया ने कल नवीन उपकेन्द्र सिंगरौलिया का लोकार्पण किया।
- मुरैना में कल दो वाहनों से करीब एक लाख रुपये कीमत का 60 क्विंटल फोर्टिफाइड चावल जप्त किया गया।
- विदिशा जिले की बासौदा तहसील की ग्राम पुरवाई चक्क में शासकीय माध्यमिक शाला में पेड़ के नीचे चल रही कक्षा में एक पेड गिरने से घायल हुए स्कूली छह विद्यार्थियों के लिए कलेक्टर ने आर्थिक मदद के आदेश जारी कर दिए है।

- राजगढ़ में आयकर विभाग द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्रबंधकों के साथ एक दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया गया।
- खरगौन में हम होंगें कामयाब पखवाड़ा मनाया गया है। इस के अंतर्गत जिले के स्कूल, कॉलेजों में जेंडर हिंसा एवं महिलाओं के प्रति अपराध रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं।
- झाबुआ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष विधि सक्सेना की अध्यक्षता में जवाहर नवोदय विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।
- पन्ना कलेक्टर कार्यालय में कल आयोजित जनसुनवाई में कल 27 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई।
- आगरमालवा जिला मुख्यालय पर बनने वाले भारतीय जनता पार्टी के नवीन जिला कार्यालय भवन का भूमिपूजन प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कल किया।
- कटनी में पुलिस विभाग द्वारा थाना स्तर पर मानव अधिकार के बारे में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को कल जानकारी प्रदान की गई।
- शिवपुरी जिले के बदरवास में आनंदम कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत, स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग के 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

-------------